पंजाब केसरी 10/10/2024

गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में हुई स्क्रैप डिस्पोजल एक्टिविटी

अम्बाला, 9 अक्तूबर (बलराम): छावनी स्थित गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में बुधवार को स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत प्राचार्य डा. रोहित दत्त के मार्गदर्शन में एक विशेष स्क्रैप डिस्पोजल एक्टिविटी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य कॉलेज के वातावरण को स्वच्छ एवं सुरक्षित बनाने के साथ-साथ छात्रों को स्वच्छता के महत्व के प्रति जागरूक करना था। यह कार्यक्रम प्रो. सुजाता गोयल के संयोजन में संपन्न हुई।

इस अवसर पर कॉलेज प्राचार्य ड. रोहित दत्त ने कहा कि जी.एम.एन. कॉलेज इस तरह की गतिविधियों के माध्यम से समाज में स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति अपने योगदान को सदैव जारी रखेगा। कॉलेज में स्वच्छ भारत अभियान के प्रमुख डा. राकेश कुमार ने छात्रों को स्वच्छता के महत्व के विषय में बताया कि स्वच्छता केवल हमारे व्यक्तिगत स्वास्थ्य के लिए ही नहीं, बल्कि समाज के संपूर्ण विकास के लिए भी आवश्यक है।

उन्होंने बताया कि गंदगी और कूड़ा कचरा न केवल बीमारियों का कारण बनते हैं, बल्कि हमारे पर्यावरण पर भी नकारात्मक प्रभाव डालते हैं। उन्होंने कहा कि स्वच्छता से समाज में सकारात्मक बदलाव लाया जा सकता है और यही स्वच्छ भारत अभियान का मुख्य उद्देश्य है। इस कार्यक्रम में छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और कॉलेज परिसर में इकट्ठे किए गए पुराने कागज, फाइलें और अनुपयोगी वस्तुओं का सही ढंग से निपटान किया। यह गतिविधि न केवल परिसर को स्वच्छ बनाने की दिशा में एक सार्थक कदम थी, अपितु छात्रों के लिए भी एक महत्वपूर्ण सीख थी कि किस प्रकार अपने आसपास की जगह को स्वच्छ एवं सुंदर रखा जा सकता है। अंत में, प्रो. सुजाता गोयल ने कहा कि यह अभियान निरंतर जारी रहेगा,. ताकि कॉलेज परिसर और समाज में स्वच्छता को और अधिक प्रभावी रूप से लागू किया जा सके।



गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में आयोजित स्क्रैप डिस्पोजल एक्टिविटी में भाग लेते विद्यार्थी।

(देवदत्त)